राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से मुख्य सचिव की शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 2 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से आज यहां राजभवन में प्रदेश के मुख्य सचिव श्री निरंजन आर्य ने मुलाकात की। मुख्य सचिव बनने के बाद श्री आर्य की राज्यपाल से यह शिष्टाचार भेंट थी।

मुख्य सचिव को पदभार ग्रहण करने की बधाई देते हुए राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रदेश में कोरोना नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने की रणनीति पर कार्य करने, कोरोना से बचाव के लिये मास्क लगाने, दो गज की दूरी बनाए रखने, स्वच्छता आदि को अपनाने के लिए जागरूकता अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रदेश में उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुधार और नई शिक्षा नीति की मंशा को समझते हुए उसे प्रभावी रूप में राज्य में लागू किये जाने की भी आवश्यकता जताई। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि मुख्य सचिव के रूप में श्री आर्य बेहतर कार्य संस्कृति का निर्माण करते हुए प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करेंगे।